"Employment Potential" Industries

4149. SHRI SATISH AGARWAL: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state names of industries enumerated as "employment potential" by Government, for which import of technology is provided?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI GEORGE FERNANDES): Industries have not been identified on the basis of their employment potential for purposes of import of technology.

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् द्वारा हिन्दी का उत्तरोत्तर प्रयोग

4150. **श्री नवाब सिंह चौहान** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् की हिन्दी पत्रिका 'विज्ञान पत्रिका' का गत तीन वर्ष से समय पर प्रकाशन नहीं हो रहा है;

(ख) यदि हा, तो इसके लिये किसे जिम्मेदार ठहराया गया;

(ग) वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद का हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग और हिन्दी में वैज्ञानिक अनुसंधान सम्बन्धी सामग्री प्रकाशित करने को सुनिश्चित करने के बारे में क्या योजनाएं हैं;

(घ) क्या सरकार का विचार हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग को समन्वित करने के लिये एक हिन्दी सलाहकार नियुक्त करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो यह कब तक सम्भव होगा ?

प्रधान मन्त्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) और (ख). अधिकांश कर्मचारियों के स्थानान्तरणों, पदोन्नति और सेवानिवृत्त होने के परिणाम-स्वरूप प्रकाशन का कार्य काफी हद तक अव्यवस्थित रहा। इसे सुव्यवस्थित करने के लिये कोई व्यवस्था नहीं की गई।

इस प्रकार की कार्य व्यवस्था से मैं बहुत असंतुष्ट हूं। मैं इस बात की जांच कर रहा हूं कि किन परिस्थितियों में यह हुआ और इस अव्यवस्था के लिए कौन उत्तरदायी था। अब प्रकाशन की स्थिति बिल्कुल ठीक है और नियमित रूप से किया जा रहा है।

(ग) से (ङ). (क) **सी० एस० आई० आर० में हिन्दी का उत्तरोत्तर प्रयोग**—

सूचना समाचार, हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किये जाने वाले विशिष्ट कागज, हिन्दी में प्राप्त होने वाले पत्रों का हिन्दी में उत्तर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दिये जाने वाले निर्देश, हिन्दी-अंग्रेजी में फार्मों की छपाई, नामपट्ट, हिन्दी शिक्षण योजना आदि कुछ महत्वपूर्ण काम है जो हिन्दी में किये जाते हैं।

(ख) **हिन्दी में वैज्ञानिक अनुसंधान सामग्री का प्रकाशन**—

सी० एस० आई० आर० "विज्ञान प्रगति" मासिक पत्रिका और परिषद सी० एस० आई० आर० का वार्षिक प्रतिवेदन हिन्दी में प्रकाशित करती है। "वैल्थ ऑफ इंडिया" (विश्व-ज्ञानकोश) भी हिन्दी में प्रकाशित किया जा रहा है।

(ग) मैं सी० एस० आई० आर० के महानिदेशक को आदेश भेज रहा हूं कि वे हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग सम्भव बनाने के लिये समस्त स्थिति का जायजा लेकर हिन्दी अनुभाग को पुनर्गठन करें।